2.2.24

वादीगण एवं उनके अभिभावक उपस्थित। प्रतिवादी संख्या 01 की ओर से श्री योगेश कुमार शर्मा एडवोकेट उपस्थित होकर वकालतनामा पेश किया जिसे शामिल पत्रावली किया गया। वादीगण की ओर से प्रार्थनापत्र इस आशय का पेश किया गया कि वादीगण व प्रतिवादीगण के मध्य राजीनामा हो गया है इसलिए वादीगण उक्त अपना वाद को चलाना नहीं चाहते है व न ही न्यायालय श्रीमान से कोई अनुतोष प्राप्त करना चाहते है तथा भविष्य में उक्त प्रकरण में विवादित खसरा नम्बरों के संबंध में किसी भी प्रकार का दावा किसी भी न्यायालय में नहीं करेंगे तथा विवादित खसरा नम्बरान पर वर्तमान [illegible]। प्रतिवादी नीतेश व उनके परिवारीजनों का कब्जा व स्वत्व रहेगा तथा राजीनामा के आधार पर इसी स्टेज पर वाद पत्र खारिज किया जाना आवश्यक व न्याय संगत है। तथा इस राजीनामा से वादीगण एवं वादीगण के समस्त वारिसान पाबंद रहेंगे एवं दावा वादीगण राजीनामा के आधार पर खारिज किया जावे का निवेदन किया। प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया गया। वादीगण की पहचान

राजेन्द्र सिंह
राजकुमारी
लाल
कान्हा
योगेश
मंजू
नि.अं. [illegible]
कुंवरपाल
नि.अं. [illegible]
नि.अं. किशना
लालकुमारी
ममता

श्री कमल सिंह एडवोकेट ने की। पत्रावली का अवलोकन किया गया एवं बहस सुनी गई। चूंकि वादीगण व प्रतिवादीगण के मध्य राजीनामा हो गया है इसलिए वादीगण उक्त उनवानी वाद को चलाना नहीं चाहते है और दावा वादीगण राजीनामा के आधार पर खारिज करने का निवेदन किया है। अतः दावा वादीगण राजीनामा के आधार पर खारिज किया जाता है। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

ह0/-

उपखण्डाधिकारी
धौलपुर (राज0)